तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 3 जुलाई 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



13 ग्राम सभा का अधिकार घटाने का विरोध





14 जन सहयोग के बिना शहर को साफ सुंदर रखना नामुमकिन




## खबर संक्षेप

### सर्व आदिवासी समाज की बैठक 5 को

**अंवरी/कुरूद।** छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज तहसील कुरुद की बैठक 5 जुलाई को 12 बजे आदिवासी सामुदायिक भवन कुरुद में रखी गई है। बैठक में आगामी विश्व आदिवासी दिवस अगस्त 2025 की तैयारी, आदिवासी धर्म कॉलम जनगणना, संवैधानिक हक और अधिकार, सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा की जायेगी। यह जानकारी देवनाथ नेताम अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज तहसील कुरुद ने दी है।

### डीएफओ के चेम्बर से निकाला सांप

**धमतरी।** वन मंडलाधिकारी के चेम्बर से तीन फीट का सांप निकलने से वन विभाग के दफ्तर में हड़कंप मच गया। सूचना पर वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू कर सांप को सुरक्षित जगह पर छोड़ दिया। घटना बुधवार की है। सुबह जब कर्मचारी वन मंडलाधिकारी के चेम्बर को खोला तो वहां से तीन फीट का सांप रेंगता हुआ नजर आया। इस सांप को रेस्क्यू कर पकड़ा गया और सुरक्षित जगह पर छोड़ा गया। वन मंडलाधिकारी श्रीकांत जाधव ने बताया कि बारिश के मौसम में सांप सहित अन्य जीव सुरक्षित जगह की तलाश में बिल से बाहर आ जाते हैं। यही कारण है बारिश के शुरूआती दौर में सांप, बिच्छू बड़ी संख्या में रिहायशी क्षेत्र में नजर आते हैं। लोगों को जहरीले जीव जंतुओं से सावधान रहना चाहिए साथ ही उन्हें मारने या नुकसान पहुंचाने से भी बचना चाहिए।



नेशनल मिशन ऑफ एडीबल ऑयल के तहत ऑयल पाम की खेती पर जोर

# खाद्य तेल उत्पादन में देश के साथ आत्मनिर्भर होगा धमतरी जिला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ऑयल पाम लगाकर धमतरी जिले को खाद्य उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर बनाने की तैयारी है। नेशनल मिशन ऑफ एडीबल ऑयल योजना के तहत किसानों को ऑयल पाम के पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यही नहीं ऑयल पाम की खेती करने वालों को भरपूर अनुदान भी दिया जा रहा है। अभी इस योजना के तहत किसानों का चयन किया जा रहा है।

तेल उत्पादन के मामले में हमारा देश काफी पीछे है। भारत में जितनी खाद्य तेलों की खपत होती है, उसका 40-45 प्रतिशत ही देश के भीतर उत्पादन होता है। बाकी के खाद्य तेल इंडोनेशिया, मलेशिया, अर्जेंटाइना, यूक्रेन सहित अन्य देशों से आयात होता है। अब केंद्र सरकार द्वारा देश को खाद्य तेल उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर बनाने के लिए योजना चलाई जा रही है। जिसके तहत किसानों को ऑयल पाम के पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके लिए केंद्र और राज्य शासन द्वारा भरपूर अनुदान भी दिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सरकारी अनुदान पाने के लिए कम से कम 5 एकड़ में ऑयल के पेड़ पाम लगाने होंगे। दो या तीन या इससे ज्यादा किसान भी क्लस्टर के रूप में इसकी खेती कर अनुदान का लाभ ले सकते हैं। कृषि विभाग के एफएल पटेल ने बताया कि पांच एकड़ में ऑयल पाम की खेती की लागत 3 लाख 80 हजार रुपए है। इसमें पौधे लगाने से लेकर देखरेख और फेंसिंग सभी शामिल हैं। इसमें से 2 लाख 51 हजार रुपए शासन से अनुदान मिलेगा। बाकी की लागत किसानों को खुद लगानी होगी। चाहे तो उसके लिए बैंक से फायनेंस की सुविधा भी दिलाई जाएगी।

### वन टाइम इन्वेस्टमेंट

पांच एकड़ में करीब 290 पौधों की रोपाई की जाएगी। पेड़ों को तैयार होने में चार साल का वक्त लगेगा। चार साल में उत्पादन शुरू हो जाएगा। प्रति हेक्टेयर 30-40 टन ऑयल पाम का उत्पादन होता है जिससे किसानों को हर साल 5-6 लाख रुपए की आय होगी। खास बात यह है कि इसके लिए बाजार की व्यवस्था भी कांटेक्ट फार्मिंग के जरिए की जाएगी। अर्थात कम्पनियां सीधे किसानों से ऑयल पाम खरीदेंगी। इससे किसानों को लाभ भी अच्छा होगा। ऑयल पाम की खेती वन टाइम इन्वेस्टमेंट है। एक बार लगाने के बाद करीब 30 साल तक बिना मेहनत के ऑयल पाम का उत्पादन होगा।



### भर्री भाठा में होगी खेती

नेशनल मिशन ऑफ एडीबल ऑयल योजना का संचालन कृषि और उद्यानिकी विभाग द्वारा संयुक्त रुप से किया जा रहा है। इसके लिए हर ब्लाक में 50-50 हेक्टेयर में ऑयल पाम के पेड़ लगाने का लक्ष्य दिया गया है। किसानों का चयन प्रक्रिया में है। ऑयल पाम के पौधे उन जमीनों पर उगाए जा सकते हैं जहां पर जलभराव नहीं होता है। यानी भर्रा भाठा में ही इसकी सफलता पूर्वक खेती की जा सकती है। अच्छी बात यह है कि भयावह गर्मी को छोड़कर बाकी किसी भी मौसम में इस पौधों की रोपणी की जा सकती है।

# नशीली टेबलेट की बिक्री करते दो युवक गिरफ्तार

- 380 नग प्रतिबंधित गोली व स्कूटी जब्त की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली टेबलेट की बिक्री करते दो युवकों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 380 नग नशीली टेबलेट व एक एक्टिवा जब्त की गई है।

पुलिस के अनुसार बुधवार को कोतवाली पुलिस को अपने विश्वसनीय मुखबिर से दो युवकों द्वारा एकलव्य खेल मैदान में अवैध रूप से नशीली टेबलेट की बिक्री किए जाने की सूचना मिली। सूचना पर कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में साइबर सेल व कोतवाली पुलिस की टीम तत्काल एकलव्य खेल मैदान पहुंची। यहां दो संदिग्ध युवक को पकड़कर पूछताछ की गई। संदिग्धों की पहचान विशेष शर्मा पिता संतोष शर्मा उम्र 22 वर्ष मराठापारा निवासी व आशुतोष तिवारी पिता मनसुख उम्र 24 वर्ष निवासी आमातालाब रोड इंडोर स्टेडियम के पास के रूप में हुई। प्रारंभिक पूछताछ व तलाशी से दोनों आरोपी के कब्जे से नशीली टेबलेट, नकदी, मोबाइल व स्कूटी बरामद की गई। आरोपी विशेष शर्मा से 20 पत्ता नशीली टेबलेट कीमत 1398 रूपये व बिक्री रकम 600 रूपये बरामद की गई। वहीं आरोपी आशुतोष तिवारी से 18 पत्ता नशीली टेबलेट कीमत 1278 रूपये, बिक्री रकम 500 रूपये, 2 नग मोबाइल सहित एक्टिवा क्रमांक सीजी 05 एआर 6196 कीमत 30 हजार बरामद हुई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 380 नगर नशीली टेबलेट जिनका बाजार मूल्य 38 हजार रूपये, 3 नग मोबाइल व एक्टिवा जब्त की है। इस मामले में सिटी कोतवाली में धारा 21(क), 29 नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी विशेष शर्मा व आशुतोष तिवारी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### एकलव्य खेल मैदान बना असामाजिक तत्वों की पहली पसंद

एकलव्य खेल मैदान असामाजिक तत्वों की पहली पसंद बनता जा रहा है। मैदान में दिनभर संदिग्धों का आना-जाना लगा रहता है। वहीं देर रात तक शराबखोरी करने वालों व असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। मैदान में देर रात्रि आतिशबाजी कर बर्थ डे सेलिब्रेट करते नजर आते हैं। मंगलवार को पुलिस ने मैदान में एक युवक को धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया था। दूसरे दिन दो युवक इसी मैदान में नशीली टेबलेट बेचते पकड़े गए हैं।

# मोबाइल दुकान में हुई चोरी का आरोपी गिरफ्तार

- शेड तोड़कर दिया था चोरी की घटना को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





शेड तोड़कर दुकान से मोबाइल की चोरी कर उसे बेचने का प्रयास कर रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार अमित कश्यप का बस स्टैंड स्वास्तिक भोजनालय के पास एके मोबाइल दुकान है। 28 जून की रात्रि अमित दुकान बंदकर चला गया था। इसी दौरान देर रात्रि अज्ञात चोर छत पर लगे शेड को तोड़कर दुकान में प्रवेश कर भीतर रखे 12 नग मोबाइल व अन्य सामान कीमत 30 हजार रूपए की चोरी कर शेड के रास्ते फरार हो गया। दूसरे दिन सुबह अमित दुकान पहुंचा तक उसे चोरी होने की जानकारी हुई। दुकानदार की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी। इसी दौरान पुलिस ने मुखबिर ने दो संदिग्ध को बस स्टैंड में मोबाइल बेचते ग्राहक तलाशने की सूचना दी। कोतवाली पुलिस ने तत्काल बस स्टैंड पहुंचकर संदिग्धों को पकड़ पूछताछ की। जिसमें एक ने अपना नाम वंश बघेल पिता उमेश उम्र 18 वर्ष 7 माह मकेश्वर वार्ड निवासी बताया। दूसरा आरोपी नाबालिग है।

आरोपियों ने बयान में अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी वंश बघेल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। वहीं नाबालिग आरोपी की पृष्ठभूमि तैयार कर किशोर न्याय बोर्ड में प्रस्तुत किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कीपेड मोबाइल, पुराना एंड्राइड मोबाइल, वायरलेस ईयरबड्स, ब्लूटूथ स्पीकर जब्त किया है।

# मछली मारने गए युवक की गंगरेल बांध में डूबने से मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मछली पकड़ने गंगरेल बांध गए युवक की पानी में डूबने से मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम फुटहामुड़ा के राजीव नगर निवासी रामसुख कमार उम्र 40 वर्ष मंगलवार की दोपहर मछली पकड़ने गंगरेल बांध गया था जो रात्रि तक घर वापस नहीं पहुंचा। युवक के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने आसपास उसकी तलाश शुरू कर दी। युवक को तलाशते परिजन डेम किनारे गए। जहां पानी में युवक का शव तैरते हुए मिला। यह देख केरेगांव थाना को घटना की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकलवाकर पंचनामा की कार्रवाई की। सूचना पर रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान व प्रियेश साहू फुटहामुड़ा पहुंचे और शव को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल के मर्च्यूरी पहुंचाया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

# रात्रि में असामाजिक तत्वों का आतंक जारी

- ट्रक चालक को लूटा, शहर में गाड़ियों में की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





रात्रि में बदमाशों का आतंक दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। कहीं स्कार्पियो सवार ट्रक चालक से मारपीट कर लूटपाट कर रहे हैं तो कहीं बाइक सवार शहर में आतंक मचा वाहनों में तोड़फोड़ करते नजर आ रहे हैं।

शहर व आसपास के क्षेत्र में बदमाशों द्वारा लगातार तांडव किया जा रहा है। ये असामाजिक तत्व ग्रुप बनाकर देर रात्रि तक विचरण करते हैं। नशे में धुत युवकों का ग्रुप किसी के घर में पथराव, गाली-गलौज व बाहर खड़े वाहनों में तोड़फोड़ करने से नहीं चूकता। वहीं नेशनल हाईवे साहिल स्टेट हाईवे में राहगीरों से लूटपाट करने की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ताजा घटना मंगलवार की रात्रि भखारा रोड में ग्राम तेलीनसत्ती के पास घटी है। ट्रक चालक आंध्रप्रदेश से अपने वाहन में मछलियां भरकर धमतरी-भखारा मार्ग से होते हुए रायपुर जा रहा था। इसी दौरान ग्राम तेलीनसत्ती के पास ट्रक में खराबी आ गई। चालक रात्रि में ट्रक को सड़क किनारे खड़ा कर उसी में आराम कर रहा था। इसी दौरान कुछ युवक स्कार्पियो से उतर कर ट्रक पर चढ़कर आराम कर रहे चालक से मारपीट कर उसका मोबाइल लूटकर भाग गए। मारपीट में ट्रक चालक के दाहिने हाथ में कलाई के पास चोट आई है। अर्जुनी पुलिस का कहना है कि घटना की जानकारी मिलने पर पेट्रोलिंग को मौके पर भेजा गया। इस घटना के संबंध में किसी तरह की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

### शहर में मचाया तांडव

सोशल मीडिया में वायरल वीडियो के अनुसार बीते दिनों विमल टाकिज व देवश्री टाकिज चौक के पास रात्रि में रॉड से लैस व नशे में धुत कुछ बाइक सवार जमकर तांडव मचाते नजर आ रहे हैं। युवक चौक में अश्लील गाली-गलौज कर बाहर खड़े वाहनों मे लोहे की रॉड से तोड़फोड़ कर रहे हैं। वहीं किसी मकान में कुछ फेंक भी रहे हैं। शहर में हो रही इस तरह की घटना से लोग दहशत में हैं।



# लंबे समय बाद रिजर्व फारेस्ट में टाइगर की हुई वापसी



- मगरलोड ब्लाक के उत्तर सिंगपुर इलाके में बाघ के पदचिन्ह मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

टाइगर रिजर्व फारेस्ट में टाइगर की वापसी से वन अमले में खुशी है। वहीं वनांचलवासी दहशत में हैं। वन विभाग द्वारा लगातार ट्रेकिंग की जा रही है। जहां पर बाघ नजर आया, उसके 10 किमी रेडियस में ग्रामीणों को अलर्ट कर दिया गया है। जंगल जाने में सावधानी बरतने की अपील की गई है।

उंदती सीतानदी टाइगर रिजर्व फारेस्ट का क्षेत्रफल 1300 वर्ग किमी से ज्यादा है। इसमें से करीब 550 वर्ग किमी क्षेत्रफल धमतरी जिले का आता है। आज से करीब 20 साल पहले यहां पर चार बाघ थे। ये बाघ कब से विलुप्त हो चुके हैं। इसके बाद भी रिजर्व फारेस्ट को बरकरार रखा गया। इसका नतीजा यह हुआ कि एक बार फिर टाइगर रिजर्व क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी के सबूत मिले हैं।

जिला वन मंडल और टाइगर रिजर्व वन अमले द्वारा लगातार बाघ को ट्रेस करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। मगरलोड ब्लाक के उत्तर सिंगपुर इलाके में बाघ के पदचिन्ह मिले हैं। इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

इस संबंध में डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव ने बताया कि सीतानदी उदंगी रिजर्व फारेस्ट के कर्मचारियों और वन मंडल धमतरी के कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से ट्रेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान बाघ के पदचिन्ह मिले हैं। कुछ दिन पहले भी सांकरा वन क्षेत्र के आसपास भी बाघ के पदचिन्ह मिले थे।

सरकार की कथित योजनाएं कागजों तक सिमटकर रह गई हैं : नीशु

# कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ बोला हल्ला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





भाजपा सरकार की किसान, मजदूर, युवा और छात्र विरोधी नीतियों के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा के नेतृत्व में आंदोलन किया गया। कांग्रेसियों ने गांधी प्रतिमा स्थल पर धरना देकर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। इसके बाद प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति एवं तहसील कार्यालय भखारा का घेराव कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा ।

कार्यक्रम प्रभारी नीशु चन्द्राकर ने कहा कि आज का प्रदर्शन केवल भखारा की समस्या नहीं है। यह पूरे छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों की आवाज़ है। सरकार की कथित योजनाएं कागजों तक सिमटकर रह गई हैं। बीज की किल्लत होने के कारण किसान अभी तक बुआई कार्य प्रारम्भ नही कर पाए हैं। सरकार डीएपी, यूरिया और अन्य रासायनिक खाद उपलब्ध नहीं करा रही है। जो बीज दिए जा रहे हैं, वह भी घटिया क्वालिटी के हैं। एक एकड़ में 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी होती है, परंतु सरकार चाहती कि फसल की पैदावार मात्र 30 प्रतिशत ही हो जिससे प्रति एकड़ पैदावार मात्र 14 से 15 क्विंटल ही फसल की पैदावार हो, यह षड्यंत्र भाजपा सरकार कर रही है। पूर्व जिपं सदस्य तारिणी चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की सरकार ने सिर्फ प्रचार किया है, काम कुछ नहीं किया। कांग्रेस जनता की आवाज़ को लेकर सदैव खड़ी रही है और आगे भी रहेगी। पूर्व जनपद अध्यक्ष शारदा साहू ने कहा कि भाजपा की साय सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजू साहू ने कहा कि भखारा में जनता की उपेक्षा अब बर्दाश्त नहीं होगी। कांग्रेस गांव-गांव जाकर साय सरकार की असलियत को उजागर करेगी।

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने कहा कि युक्तियुक्तकरण के फैसले से शिक्षा की रीढ़ टूट रही है। स्कूलों का विलय कर बच्चों को दूर भेजा जा रहा है। यह फैसला वापस होना चाहिए। सरकार अभी तक किताबों का वितरण नही कर पाई है। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री होमेन्द्र साहू ने किया।

मौके पर पूर्व विधायक लेखराम साहू, भरत नाहर, विनोद साहू, होमेंद्र साहू, बिट्टू गौर, संतोषी निषाद, राजेन्द्र देवांगन, रामचंद्र साहू, परमेश्वरी साहू, मीना साहू, बीना साहू, यशवंत गुरु, नरेंद्र सोनवानी, पुखराज साहू, संतोष साहू, जय श्रीवास्तव, नमन बंजारे, सौरभ पाल, गैंदलाल साहू, मेघनाथ साहू, भूषण साहू, टिकेश्वर साहू, मयंक सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन सम्मिलित हुए।


हरिभूमि
## पाठक सूचना

धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### अज्ञात कारणो के चलते युवती ने फांसी लगाकर दे दी जान

**कांकेर।** दुर्गूकोंदल थानांतर्गत खुटगांव के पास 30 जून से 1 जुलाई के बीच धमतरी जिला के मगरलोड थानांतर्गत ग्राम सांकरा निवासी 22 वर्षीय ममता कंवर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। खुटगांव निवासी विक्टोरिया ने पुलिस को बताया कि मृतिका किराया के मकान में रहकर ग्राम राहुरवाही में पोस्ट ऑफिस में पदस्थ थी। अपने सहेली के साथ किराये के मकान में रहती थी। मृतिका ने अज्ञात कारणों के चलते किराये के घर में अपनी चुनरी का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। युवती ने आत्महत्या क्यों किया, यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### सांप के डसने से हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत कापसी निवासी देवकी भुरकुरिया के हाथ को सांप ने डस लिया, जिसके कारण उसकी 1 जुलाई को दोपहर 3 बजें मौत हो गया। बड़े कापसी निवासी राजू राम भुरकुरिया ने घटना की जानकारी पखांजुर पुलिस को दिया, जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### अपर कलेक्टर नोडल अधिकारी नियुक्त

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ षष्ठम विधानसभा का छठवां मानसून सत्र 14 जुलाई सोमवार पूर्वान्ह 11 बजे से प्रारंभ होकर 18 जुलाई 2025 तक आहूत किया गया है। विधानसभा सत्र के दौरान त्वरित जानकारी प्राप्त करने के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुमार कुर्रे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत शक्तिनगर पीव्ही 107 निवासी बसन बसु सड़क दुर्घटना होने के से गंभीर रूप से घायल हो गया। चोट गंभीर होने के कारण उसका मौत हो गया। पीव्ही 107 निवासी विश्वनाथ बासु ने पुलिस को बताया कि मृतक अपने घर से मोटर सायकल में सवार होकर 30 जून को महाराष्ट्र गया था। वापस आते समय ईरपानार के पास सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया व उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### सर्पदंश से युवक की मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** कोड़ेकुर्से थानांतर्गत चाउरगांव निवासी 19 वर्षीय भुपेंद्र पुंगारी का इलाज के दौरान 30 जून को मौत हो गया। चाउरगांव निवासी मोहन लाल पुंगारी ने पुलिस को बताया कि मृतक रात को खाना खाकर कमरे में सोया हुआ था। रात करीबन 10 बजे सांप ने काट लिया। इलाज के लिए सीएचसी दुर्गूकोंदल लेकर गए जहां इलाज के दौरान उसका मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते और अंग्रेजी शराब के साथ कोचिया पकड़ाया

**कांकेर।** चारामा और बड़गांव पुलिस ने अवैध शराब बिक्री करने वाले कोचिए और सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालो के खिलाफ अभियान छेड़ते हुए छापामार कार्रवाई किया और दो लोगों को धर दबोचा। चारामा पुलिस ने 1 जुलाई को शाम साढ़े 6 बजे उड़कुड़ा में छापामार कार्रवाई किया और सार्वजनिक स्थाना पर शराब पीते हुए आरोपी ठाकुरपारा उड़कुड़ा निवासी दिनाराम यादव को धर दबोचा। आरोपी के कब्जे से 1 पौवा प्लेन देशी शराब, दो नग प्लास्टीक डिस्पोजल, दो नग पानी पाउच को जब्त कर धारा 36 (च)(1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इसके अलावा बड़गांव पुलिस ने 1 जुलाई को सुबह साढ़े 8 बजें छापामार कार्रवाई किया। आरोपी गांधी चौक बड़गांव निवासी 60 वर्षीय बंदू राम सिंहा के घर दबिश दिया। तालाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 5 नग गोल्डन गोवा शराब कीमती 600 रूपएं और नगद 240 रूपए को जब्त कर धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

---

### कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने महापौर रामू रोहरा के साथ किया नगर भ्रमण

# दानीटोला वार्ड से गर्ल्स कॉलेज-रूद्री तक बनेगी सड़क, अतिक्रमण भी हटेंगे

**निर्माण कार्यों के लिए स्थल चयन और निर्माणाधीन कार्यों का किया निरीक्षण**





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा और महापौर रामू रोहरा ने सुबह धमतरी शहर सहित आसपास किए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए स्थलों का चयन और निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले नगर निगम प्राथमिक स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर श्री रोहरा ने बताया कि यह स्कूल बहुत पुराना है और जर्जर हो चुका है। इस स्कूल के स्थान पर उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण किया जाना है। इसके मद्देनजर पोस्ट ऑफिस वार्ड में संचालित उर्दू स्कूल में नगर निगम प्राथमिक स्कूल को स्थानांतरित किये जाने की योजना है। इसके बाद कलेक्टर और महापौर ने जिले के क्रिकेट खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए उचित स्थान प्रदान करने के लिए एकलव्य खेल मैदान परिसर में बन रहे बॉक्स क्रिकेट का भी अवलोकन किया और कार्य की लागत, पूर्ण होने की तिथि की जानकारी ली। इस अवसर पर नगरनिगम आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल, सीएमएचओ डॉ. यू.एल. कौशिक और डीईओ श्री टीआर जगदल्ले सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री मिश्रा और महापौर श्री रोहरा ने दानीटोला वार्ड स्थित जैविक खाद केन्द्र का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने उक्त स्थल पर आक्सीजोन बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने आक्सीजोन में पाथवे, बैठक व्यवस्था, लायटिंग, पेयजल आदि सुविधाओं को शामिल करने कहा। साथ ही दानीटोला वार्ड से गर्ल्स कॉलेज-रूद्री तक सड़क निर्माण की भी चर्चा की। उन्होंने उक्त स्थान के आसपास किये गये अतिक्रमण को भी हटाने के निर्देश एसडीएम धमतरी को दिये। कलेक्टर ने पीजी कॉलेज पहुंचकर वहां पीएम उषा फंड से बनने वाले डिजिटल लाइब्रेरी हेतु स्थल का अवलोकन किया और इसके लिए प्रस्ताव तैयार करने कहा। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शैक्षणिक सत्र में छात्राओं के लिए कॉलेज परिसर में गर्ल्स हास्टल भी शुरू करायें। इसके साथ ही उन्होंने नालंदा लाइब्रेरी हेतु हटकेशर वार्ड में चयनित स्थल पर ही लाइब्रेरी बनाने की बात भी कही।

---

# पीएम मोदी की गारंटी को लेकर हमारी सरकार काम कर रही : बैस



- डुबान प्रभावित संघर्ष समिति नगरी-कांकेर ने भाजपा जनप्रतिनिधियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

दुधावा बांध डुबान प्रभावित संघर्ष समिति नगरी कांकेर द्वारा भाजपा जनप्रतिनिधियों का सम्मान कार्यक्रम दुधावा रेस्ट हाउस में रखा गया। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी और विष्णु देव साय की सरकार किसानों की है। हमारी पार्टी ने हमेशा किसानों की चिंता की है और करती रहेगी । मोदीजी की गारंटी को लेकर हमारी सरकार काम कर रही है और आगे भी करते रहेंगे। आगे कहा कि भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने डूब प्रभावित किसानों की धान खरीदी मे अतिरिक्त बोनस राशि को बंद कर दिया था। किसानों ने विष्णु देव सरकार से मांग की और त्वरित कार्यवाही करते हुए लाभान्वित किया।

मौके पर कांकेर विधायक आशाराम नेताम, सिहावा के पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कांकेर श्रीमती तारा ठाकुर, जनपद उपाध्यक्ष नगरी हृदय साहू, जनपद उपाध्यक्ष नरहरपुर संजू गोपाल साहू, किसान संघर्ष समिति अध्यक्ष पुनीत राम साहू, मण्डल अध्यक्ष बेलर मनोहर दास मानिकपुरी, मण्डल अध्यक्ष नरहपुर टिकेश्वर सिन्हा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष अकबर कश्यप, चंद्रशेखर अडिल, अमर सिंह पटेल, महामंत्री दीपक साहू, उमेश साहू, महेन्द्र साहू सहित नगरी- कांकेर क्षेत्र के डुबान प्रभावित सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

---

# राजू छग युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया प्रभारी बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



कोसरिया मरार पटेल समाज प्रदेश युवा प्रकोष्ठ की कार्यकारणी बैठक में प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम पटेल की अनुशंसा पर प्रदेशाध्यक्ष रितेश पटेल एवं कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र पटेल ने नगरी-सिहावा राज के नगरी सांकरा निवासी राजू पटेल को छग कोसरिया मरार समाज युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा। राजू पटेल कई वर्षों सें ग्रामीण स्तर से लेकर जिला स्तर के विभिन्न सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते आ रहे हैं । समाज के प्रति उनकी सक्रियता को देखतें हुए यह नवीन जिम्मेदारी दी गई।

राजू पटेल ने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास और संगठन के विस्तार हेतु लिए गए निर्णयों एवं सामाजिक कार्यक्रमों व कार्ययोजनाओं कों समाजजनों तक प्रेषित करने के लिए मैं हमेशा प्रतिबद्ध रहूंगा। वरिष्ठों व युवाओं के सहयोग से समाज को नई दशा व दिशा देने का प्रयास करेंगे। उन्हें प्रदेश मीडिया प्रभारी बनाये जाने पर मरार पटेल समाज प्रदेश संरक्षक अमरसिंह पटेल, सिहावा राज अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल, नगरी राजध्यक्ष वामदेव पटेल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सियाराम शरण पटेल, संगठन सचिव नरेश कौशल, सिहावा राज राजा लतखोर पटेल, खुटैत नारायण पटेल, दिलीप पटेल, डिलेश्वर पटेल, मोती लाल पटेल, डामे पटेल, कुंजलाल पटेल, पटेल, लकेश पटेल, प्रभाकर पटेल, खिलावन पटेल, तीरथ पटेल, कमल पटेल, प्रीतम पटेल, मिथिलेश पटेल ने हर्ष जताया है।

---

# डब्लूआरडी नहरों की मरम्मत के साथ पक्की नाली बनाने की हुई मांग

- जपं में हुई संचार एवं संकर्म स्थायी समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

जनपद पंचायत कुरुद में संचार एवं सकर्म स्थायी समिति की बैठक हुई जिसमें जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी साहू, संचार सकर्म के सभापति आनन्द यदु के साथ सदस्यगण श्रीमती शंकुन्तला देवांगन, ठाकुरराम साहू, अनुराग साहू की उपस्थिति में विभागवार निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई।

मंगलवार को जनपद सभागार में आहूत बैठक में डब्लूआरडी नहरों की मरम्मत के साथ पक्की नाली निर्माण कार्य लोहारपथरा से सिर्वे तक किए जाने की मांग रखी गई। कृषि विभाग में डीएपी खाद की उपलब्धता के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। लोक निर्माण विभाग के निर्माणधीन सड़क मार्गों में आवागमन के लिए मुरुम बिछाने से लोगों को परेशानी हो रही है उसे दूर करने की बात कही गई। इसके साथ ही नारियल खेती के बारे में जानकारी ली गई है। संबंधित अधिकारियों ने बैठक में रेनवाटर हार्वेस्टिंग की जानकारी दी एवं जल सरंक्षण हेतु प्रेरित करने की बात कही। वहीं स्कूलों मे अहाता निर्माण हेतु कार्य किये जाने सभापति आनंद यदु द्वारा निर्देशित किया गया।

बैठक में अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग कुरुद, उप अभियंता लोक निर्माण विभाग कुरुद, उप अभियंता जल संसाधन विभाग कुरुद, उप अभियंता प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना धमतरी, बीआरसीसी समग्र शिक्षा एवं अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

# शाला प्रवेशोत्सव पर छात्रों को खिलाई मिठाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

हाईस्कूल तुमड़ीबहार में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया था। मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित की कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का शाला में स्वागत कर पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। अनुशासित, स्वच्छता के प्रति जागरूक रहकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। मौके पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष वोशित पटेल, सिरधन सोम जनपद सदस्य, ज्योति सोम सरपंच ठेनही, दिनेश यादव वार्ड मेंबर ठेनही, विधायक प्रतिनिधि डिगेशवरी सोम, हाईस्कूल प्रभारी प्राचार्य आरके चिंडा सहित पालकगण, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

---

# प्राशा अछोटी में मनाया शाला प्रवेशोत्सव

**शाला प्रबंधन समिति ने छात्रों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें और गणवेश वितरित किए**



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

प्राथमिक शाला अछोटी में प्रवेश उत्सव का आयोजन उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर शाला परिवार द्वारा नव प्रवेशित बच्चों का स्वागत किया गया। शाला में प्रवेश करने वाले बच्चों को खीर और मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया गया। बच्चों के चेहरे खिले नजर आए। शाला प्रबंधन समिति द्वारा नव प्रवेशित बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें और गणवेश वितरित किए गए। इस अवसर पर शाला के पूर्व शिक्षक हलधर सोनवानी ने न्योता भोज का आयोजन किया। बच्चों ने एक पेड़ मां के नाम से प्रांगण में पौधरोपण भी किया। मुकेश साहू ने प्रत्येक बच्चे को एक कॉपी और पेंसिल सेट प्रदान किया।

मौके पर पुरानिक राम साहू, जोहतू राम साहू, बुधराम साहू, महेश साहू, रामाराम साहू, सांवत राम साहू, नारायण साहू, लोमश कौशिक, डॉ रामसिंग ध्रुव, शाला प्रबंधन अध्यक्ष खेमा निर्मलकर, उपाध्यक्ष दीपेश्वरी विश्वकर्मा, प्रधानपाठक डिकेश्वरी बंजारे, हाईस्कूल अछोटी प्रचार्य केएन साहू, योगेश्वरी साहू, मीनाक्षी, खिलेश्वरी, थनेन्द्र साहू शामिल थे।

---

## बारिश से किसानों के चेहरे खिले



**भखारा।** नगर पंचायत भखारा क्षेत्र में बारिश होने के साथ ही किसानों के चेहरे पर खुशी नजर आई है। कुछ दिन पूर्व बारिश नहीं होने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें नजर आने लगी थीं लेकिन अभी दो दिन से हुई बारिश से किसानों ने राहत की सांस ली है। नगर के किसान ऋषभ ने कहा कि बारिश के साथ ही कृषि कार्यों में तेजी आयेगी।

---

# सिलघट में नाली निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

ग्राम पंचायत सिलघट में नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन हुआ। मौके पर सभापति जिपं श्रीमती पूजा सिन्हा, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद सतीश जैन, जनपद सदस्य श्रीमती डिकेश्वरी देवांगन, सरपंच श्रीमती कृष्णा सोनकर, उपसरपंच जीवन लाल सिन्हा, पंचगण मंजु ध्रुव, पुष्पा साहू, टामिन साहू, गीता सिन्हा, नंदनी साहू, सेवती सोनकर, विजय देवांगन, दौलत देवांगन, त्रिभुवन सिन्हा, गोमती सोनकर, रूपा सिन्हा, राजेश्वरी साहू, जितेंद्र साहू, खैमराज साहू, ग्राम प्रमुख नरेन्द्र साहू, भोलाराम साहू, भुखउराम साहू, बिरजा निषाद, सचिव गैंदलाल साहू, रोजगार सहायक नरसिंग सोनकर, जितेन्द्र सिन्हा उपस्थित थे।

---

**मरीजों को इलाज के लिए अस्पताल आने में हो रही परेशानी, वाहन हिचकोले खा रहे**

# गुजरा सीएचसी पहुंच मार्ग हुआ कीचड़ से सराबोर





हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

भखारा कोर्रा अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत गुजरा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है। यहां लगभग 80 से 90 गांव की स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्था को देखा जाता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुजरा में गुजरा दर्री मुख्य मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों मरीजों का आना-जाना होता है। कुछ इमरजेंसी केस भी होते हैं जिसमे मरीज को एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुजरा लाया और ले जाया जाता है या कुरूद रेफर किया जाता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुजरा से दर्री, बगदेही कुरूद के लिए यह मुख्य पहुंच मार्ग है। वर्तमान में ग्राम गुजरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से प्राथमिक शाला, बड़े तालाब, दर्री पहुंच मार्ग पूर्ण रूप से जर्जर हो चुका है। यहां से आने-जाने के लिए कार, मोटरसाइकिल, साइकिल तो दूर की बात है। पैदल आने जाने के लायक भी रास्ता नहीं है। बरसात में आम लोगों को आने जाने में काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में सरपंच श्रीमती दुर्गेश्वरी खिलेश्वर सोनकले से पूछने पर उन्होंने बताया कि गुजरा दर्री पहुंच मार्ग पहले से जर्जर है। ठंड और गर्मी में जैसे -तैसे आने जाने के लिए बन जाता है मगर बारिश में दिक्कतें आती हैं। अधिकारियों से नवनिर्माण के लिए मौखिक चर्चा की गई थी। बरसात को देखते हुए पंचायत द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में मुरूम डलवाया गया था मगर सड़क काफी खराब है। बड़े-बड़े गड्ढे हैं। सड़क ऊपर नीचे है जिसके कारण पानी भर गया और दलदलयुक्त हो गया। गुजरा दर्री पहुंच मार्ग पूर्णतः जर्जर हो चुका है जिसके नव निर्माण की सख्त आवश्यकता है। इसके लिए पीडब्लूडी ऑफिस में आवेदन लगाया गया है।

---

# पचपेड़ी स्कूल में छात्रसंघ का गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी में शिक्षा सत्र 2025-26 के संचालन के किए छात्र संघ का गठन किया गया। शाला नायक लक्ष्मी साहू कक्षा 12वीं, उपशाला नायक वर्षा साहू कक्षा 11वीं, सचिव थनेंद्र कुमार साहू कक्षा 12वीं, छात्रा प्रतिनिधि दामिनी साहू कक्षा 12वीं, क्रीड़ा सचिव यश कुमार साहू कक्षा 12वीं, क्रीड़ा सहसचिव गीतिका साहू कक्षा 11वीं ,सांस्कृतिक सचिव लीनिमा वैष्णव कक्षा 12वीं, सांस्कृतिक सहसचिव देवेंद्र कुमार कक्षा बारहवीं मनोनीत किए गए हैं। प्राचार्य रवींद्र कोसरे ने छात्र संघ के सभी पदाधिकारी को पद की गरिमा और गोपनीयता को बनाए रखने की शपथ दिलाते हुए सभी छात्रों के साथ समानता का व्यवहार करने की बात कही। इस अवसर पर संस्था के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### नवीन महाविद्यालय सिर्री में प्रवेश प्रारंभ

**सिर्री/कुरूद।** क्षेत्रीय प्रतिनिधियों की मांग पर विधायक अजय चन्द्राकर के सकारात्मक प्रयास पर नवीन शासकीय महाविद्यालय सिर्री प्रारंभ हो चुका है। शासन के निर्देशानुसार संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के अधीन शासकीय नवीन महाविद्यालय सिर्री में तीनों संकाय कला, वाणिज्य एवं विज्ञान (गणित एवं जीव विज्ञान) समूह के विभिन्न विषयों में सत्र 2025–26 से प्रवेश प्रारंभ है। कला संकाय में विषय समूह आधार पाठ्यक्रम (हिन्दी, अंग्रेजी), इतिहास, भूगोल एवं राजनीति शास्त्र के लिए 90 सीट, बीएससी जीवविज्ञान में आधार पाठ्यक्रम (हिन्दी, अंग्रेजी) वनस्पति शास्त्र, प्राणीशास्त्र एवं रसायनशास्त्र हेतु 45 सीट, बीएससी गणित समूह में आधार पाठ्यक्रम (हिन्दी एवं अंग्रेजी), गणित, भौतिक शास्त्र एवं रसायनशास्त्र हेतु 45 सीट तथा बी.कॉम वाणिज्य संकाय के सभी अनिवार्य विषय हेतु 90 सीट के साथ महाविद्यालय प्रारंभ हो चुका है। यह नवीन महाविद्यालय पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से संबद्ध होगा। सिर्री महाविद्यालय में प्रवेश हेतु इक्छुक छात्र-छात्राएं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की वेबसाइट पर जाकर महाविद्यालय में आनलाइन प्रवेश ले सकते हैं। वर्तमान में शासकीय नवीन महाविद्यालय सिर्री अस्थाई तौर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिर्री में संचालित हो रहा है।

### चिकित्सकों को गुलाब देकर किया सम्मान

**जगदलपुर।** डॉक्टर दिवस के अवसर पर बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने महारानी अस्पताल पहुंचकर समस्त चिकित्सकों को पुष्पगुच्छ व गुलाब भेंट कर शुभकामनाएं दी। सुशील मौर्य ने कहा डॉक्टरों ने अपनी निपुणता और परिश्रम से विशेष पहचान बनाई है। वे वास्तव में स्वास्थ्य के रक्षक और मानवता के स्तंभ हैं। इस अवसर पर उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद,महामंत्री अल्ताफ उल्ला खान, बी ललिता राव,पार्षद शुभम यदु, लोकेश चौधरी,जस्टिन भवानी, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष संदीप दास, ज्योति राव,शादाब अहमद, आदर्श दलाई, उस्मान रजा, मोहसिन खान मौजूद रहे।

## वन क्षेत्र के ग्रामीणों ने निकाली रैली, एसडीएम कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# ग्राम सभा का अधिकार घटाने का विरोध






हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

वन क्षेत्र के ग्रामीणों ने अनुसूचित क्षेत्रों में वनाधिकार कानून में बदलाव और ग्राम सभाओं के अधिकार घटाने के विरोध में 1 जुलाई को जिला स्तरीय प्रदर्शन किया। ग्राम सभा में 500 ग्राम सभा सदस्यों ने विरोध जताया। मंगलवार को राजाबाड़ा नगरी में सभा आयोजित की गई। ग्रामीण रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। वहां मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम प्रीति दुर्गम को ज्ञापन सौंपा। मौके पर श्रीधन सोम, प्रमोद कुंजाम, ईश्वरी लाल नेताम, ईश्वर सोरी, अरविंद यादव, भगवान नेताम, लोकेश्वरी नेताम, रूपेश्वर नाग, बीरबल पद्माकर, चंदू कुमार अग्रवानी, गजेंद्र पद्माकर, जयलाल सोरी, विकास सोरी, राधिका नेताम, पेमन स्वर्णबेर, नरेश छेदैया समेत वनांचल क्षेत्र के लोग सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए। वन समिति अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ वनाधिकार कानून के क्रियान्वयन में देश में अग्रणी रहा है। खासकर सामुदायिक संसाधन अधिकारों की मान्यता में, लेकिन पिछले एक साल से इसमें प्रगति नहीं हुई। उल्टा वन विभाग कानून का उल्लंघन कर रहा है। 15 मई 2025 को वन विभाग ने पत्र जारी कर कहा कि यह वनाधिकार कानून की भावना के खिलाफ है। आदिवासी मंत्रालय से कोई प्रपत्र नहीं आया, जबकि केंद्र की प्रधानमंत्री धरती आबा योजना में स्पष्ट दिशा-निर्देश हैं। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि जैव विविधता नियमों में संशोधन कर ग्रामसभा द्वारा गठित सीएफएमसी को जैव विविधता समिति माना जाए। आदिवासी क्षेत्र में जल-क्षेत्र के ठेके को रद्द कर ग्रामसभाओं को नियंत्रण दिया जाए। वन क्षेत्र का जल स्त्रोत भी ग्रामसभाओं को सौंपा जाएं।

सीएफआर प्राप्त गांवों को हर साल 31 दिसंबर से पहले तेंदूपत्ता संग्रहण और बिक्री की प्रक्रिया खुद संचालित करने या सह-संचालन का प्रस्ताव पारित करने का अधिकार मिले। ग्रामसभाओं को तेंदूपत्ता, बांस, महुआ फूल जैसे वनोपज की नीलामी और रॉयल्टी संग्रहण का अधिकार दिया जाए। प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियां ग्रामसभाओं के प्रति जवाबदेह हों। टाइगर रिजर्व और अभयारण्यों में निवासरत समुदायों को वनाधिकार पत्र दिए जाएं। ग्रामसभा के वन प्रबंधन अधिकार को मान्यता मिले। केंद्र की योजना न थोपी जाए। कोर और बफर क्षेत्र में विकास कार्य शुरू हों। हाथी प्रभावित क्षेत्रों में प्राकृतिक जंगल को उनके अनुकूल बनाए रखा जाए। खनन और गैर-वानिकी कार्यों पर रोक लगे।

# क्षेत्र के 14 गांवों में होंगे करीब एक करोड़ के विभिन्न विकास कार्य

- विधायक अजय चंद्राकर के प्रयास से 14 कार्यों को मिली प्रशासनिक मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना 2025-26 अंतर्गत कुरूद विधानसभा के 14 ग्रामों में अधोसंरचना विकास के 14 कार्यों को प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की गई है। इनमें सीसी सड़क, सामुदायिक भवन, रंगमंच एवं शेड निर्माण जैसे जनहितकारी कार्य शामिल हैं। यह स्वीकृति पूर्व मंत्री एवं विधायक अजय चंद्राकर के सतत प्रयास से संभव हो पाई है।



इन कार्यों पर लगभग 1 करोड़ की लागत स्वीकृत की गई है, जो ग्रामीण जीवन को न सिर्फ सुविधाजनक बनाएंगे, बल्कि सामाजिक - सांस्कृतिक गतिविधियों को भी नया मंच देंगे। विधायक निवास कार्यलय से मिली जानकारी के अनुसार कुरुद विधानसभा के ग्राम जी-जामगांव में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 7.80 लाख रुपये, क़ातलबोड़ के लिए 5.20 लाख, मेंडरका के लिए 7.80 लाख, कचना के लिए 7.80 लाख, हंचलपुर के लिए 7.80 लाख रुपये की स्वीकृति हुई है। इसी प्रकार सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु ग्राम मोंगरा, मुरा, परसवानी, सिवनीकला, भुसरेंगा, कठौली एवं मगरलोड के सेन्हाभाठा के लिए 6.50 - 6.50 लाख-लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी क्रम में रंगमंच निर्माण कार्य के लिए ग्राम मंदरौद को 4 लाख रुपये व चटौद में शेड निर्माण कार्य के लिए 15 लाख रुपये की स्वीकृति हुई है। उक्त स्वीकृति पर हर्ष जाहिर करते हुए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्राम सरपंचों ने विधायक अजय चंद्राकर का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि इन योजनाओं से न केवल पक्की सड़कों और भवनों की सुविधा ग्रामीणों को मिलेगी, बल्कि शेड व रंगमंच निर्माण से सांस्कृतिक आयोजनों, विवाह कार्यक्रमों, सामूहिक बैठकों व पंचायत कार्यों का संचालन अधिक व्यवस्थित और गरिमामय हो सकेगा।

# राशन कार्ड के ई-केवाईसी की समय-सीमा बढ़ाए सरकार : सचदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष विनोद सचदेव ने कहा है कि राज्य शासन द्वारा राशन कार्डधारी को ई-केवाईसी करवाने की समुचित सुविधा उपलब्ध नहीं कराई, जिसके चलते राज्य के लगभग 34 लाख राशन कार्डधारियों को अब राशन नहीं मिल पाएगा। उनका राशन कार्ड ऑनलाइन सिस्टम में ऑटोमेटिक ब्लॉक हो गया है।

प्रेस को जारी बयान में उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने राशन कार्ड को ई-केवाईसी कराने के लिए 30 जून तक समय दिया था। अब तक इसको आगे बढ़ाने कोई नया आदेश जारी नहीं किया गया है जिससे लाखों सदस्यों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरकार को ई-केवाईसी की समय सीमा बढ़ानी चाहिए ताकि जिन्हें अपात्र किया गया है वे अपना सत्यापन करवा सकें।

आप जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में 81 लाख 63 हजार 666 राशन कार्ड जारी किए गए हैं। इनमें पंजीकृत सदस्यों की संख्या 2 करोड़ 73 लाख 61 हजार 287 है। केवाईसी नहीं कराने वाले लोगों को अपात्र मान लिया जाएगा। इस तरह उनका नाम भी ऑनलाइन सिस्टम में ब्लॉक कर दिया जाएगा। डिजिटल सत्यापन के लिए आधार से जुड़े मोबाइल नंबर के माध्यम से डिजिटल सत्यापन किया जाना था। इस प्रणाली के माध्यम से यह तय किया जाता है कि लाभार्थी वास्तविक, जीवित है या फिर पात्र है कि नहीं।

इसके जरिए फर्जी, मृत और दोहरे राशन कार्ड धारकों की पहचान कर उन्हें सूची से बाहर किया जा सकता है। निर्धारित तिथि तक 34 लाख लोगों का सत्यापन नहीं हो पाया उसके लिए यह सरकार जिम्मेदार है। मोर दुआर-साय सरकार महाभियान का ढोल पीटने वाली राज्य सरकार ने ईकेवाईसी के लिए घर पहुंच सेवा क्यों उपलब्ध नहीं कराई।

**ग्रामीणों ने जताई चिंता, विभागीय निगरानी पर उठे सवाल**

# बिजली पोल लगाने में अनियमितता पहली बरसात में ही झुकने लगे खंभे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



विकासखंड नगरी अंतर्गत आने वाले ग्राम सांकरा से खम्हरिया तक 11 केवी विद्युत लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों में गहरी नाराज़गी देखी जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्युत पोल लगाने के दौरान ठेकेदार द्वारा मानक प्रक्रिया का पालन नहीं किया जा रहा है। पोल की नींव में कांक्रीट की बजाय केवल मिट्टी का प्रयोग किया गया है, जिससे पहली ही बारिश में कई पोल झुक गए हैं और कुछ स्थानों पर तारों में टेंशन आने के कारण टूट-फूट भी देखी गई है।

ग्रामीणों ने बताया कि करीब 3 किलोमीटर तक विद्युत पोल खड़े किए गए हैं, परंतु कई स्थानों पर पोल की नींव में पक्का आधार देने के लिए पत्थर और सीमेंट का कांक्रीट नहीं डाला गया है। खेतों में पानी भरते ही पोल के आसपास की मिट्टी ढह गई, जिससे पोल झुक गए हैं और आसपास गुजर रही विद्युत लाइन से टकराने की संभावना बढ़ गई है। यह स्थिति किसी भी समय बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इस मुद्दे को लेकर ग्रामीणों ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों और शासन के दिशा-निर्देशों की अनदेखी की जा रही है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि संबंधित विभागीय अधिकारी शायद स्थल का निरीक्षण नहीं कर रहे हैं, जिससे इस तरह की लापरवाहियां हो रही हैं।

इस अवसर पर सरपंच संत कुमार मरकाम, पुनेंद्र साहू, भुवनेश्वर साहू, हीरामणि मिश्रा, गैंदलाल निषाद, परीक्षित निर्मलकर, चमेली साहू, दिनेश्वरी साहू, आशा यादव, लक्ष्मी मरकाम, दिव्या साहू, शत्रुघ्न निर्मलकर, ललेश यादव, लड्डू साहू, निहारिका समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

ज्ञात हो कि हरिभूमि समाचार पत्र ने विद्युत पोल स्थापना में गुणवत्ता संबंधी सवालों को 21 मार्च को प्रमुखता से प्रकाशित किया था, बावजूद इसके विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई। अब जबकि बरसात का मौसम शुरू हो चुका है। खेतों में लगाए गए पोलों के झुकने से जन सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।

इस विषय में नगरी विद्युत विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया गया, तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह कार्य नया है और इसकी जिम्मेदारी धमतरी विद्युत विभाग द्वारा निर्धारित की गई एजेंसी को सौंपी गई है।

# आदिवासियों की जमीन की बिक्री नियम विरूद्ध हुई



- अनुमति निरस्त करने सर्व आदिवासी समाज ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सर्व आदिवासी समाज ने आदिवासियों की जमीन की नियमों के विरूद्ध हो रही बिक्री को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुएअनुमति को निरस्त करने की मांग की। सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जीवराखन मरई ने बताया कि क्षेत्र के कुछ जमीन दलाल अपने फायदे के लिए आदिवासी कृषकों को बहला-फुसलाकर उनकी कृषि भूमि को विक्रय हेतु अनुमति लेकर उक्त भूमि की अवैध प्लाटिंग कर शासन के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए आदिवासी कृषकों को भूमिहीन कर रहे हैं। तत्कालीन कलेक्टर, राजस्व विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों ने सांठगांठ कर नियम विरूद्ध विक्रय की अनुमति दी थी। जिन आदिवासी भूमि स्वामियों को विक्रय हेतु अनुमति दी गई है, उनके पास विक्रय पश्चात 5 एकड़ सिंचित भूमि अथवा 10 एकड़ असिंचित भूमि शेष बचना था किंतु उक्त आदिवासी भूमिस्वामियों के खाते में निर्धारित भूमि से कम है। संलग्न सूची के अनुसार आदिवासी भूमिस्वामी की भूमि को गैर आदिवासी व्यक्ति को विक्रय करने हेतु दी गई विक्रय अनुमति आदेश को निरस्त करते हुए तत्कालीन कलेक्टर, राजस्व अधिकारी, कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान विनोद नागवंशी, माधव सिंह ध्रुव, शिव नेताम, महेश रावटे, गोविंद रावटे, चंद्रकला नेताम, जयपाल ठाकुर, ठाकुराम नेताम, नेमसिंह नेताम, नारायण ध्रुव, खिलेन्द्र पडोटी, हरिशंकर मरकाम, दिग्विजय सिंह ध्रुव, हेमंत ध्रुव, युवराज मरकाम मौजूद थे।

# पुलिस ने बरामद की चोरी की मोटरसाइकिल

**हरिभूमि की खबर पढ़कर एक नगरवासी ने पुलिस को दी सूचना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



कुरुद थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए कुरुद पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने के महज दो घंटे के भीतर चोरी हुई मोटरसाइकिल को लावारिस हालत में बरामद किया है जिनकी अनुमानित कीमत करीब पंद्रह हजार रुपए बताई जा रही है।

थाना कुरुद क्षेत्र में विगत दिनों दो प्रमुख चोरी की घटना सामने आई थी। पहली घटना में कुरुद हाईवे स्थित छत्तीसगढ़ महतारी काली मंदिर की, दूसरी घटना नगर के चंडी माता मंदिर की थी। चोरी के कुछ दिनों के भीतर पुलिस ने इन सभी चोरियों का खुलासा किया। इससे कुरुद नगरवासियों ने सुकून की सांसें ली, पर खुलासा होते ही पुनः नगर के दिलीप जादवानी की मोटरसाइकिल मेन रोड से लगे घर से चोरी हो गई जिसे हरिभूमि ने कुरुद में नहीं थम रहा चोरी-लूटपाट का सिलसिला हेडलाइन के साथ प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिससे पुलिस प्रशासन हरकत में आया।

कुरुद पुलिस तत्काल एक्शन मोड में आ गई। अज्ञात चोरों ने दिलीप जादवानी की मोटर साइकिल बजाज प्लेटिना सीजी 05 एजी 5014 की उनके घर से चोरी कर ली थी कि शिकायत दर्ज कर खोजबीन शुरू की। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे, पर कैमरों से कोई विशेष सुराग नहीं मिल पाया। पुलिस ने मुखबिरों को भी काम पर लगाया, अभियान चलाया। उधर हरिभूमि की खबर पढ़कर नगर की एक गली में सूने घर के पास खड़ी लावारिस मोटरसाइकिल पर कुछ लोगों की नजर पड़ी, जिसे देखकर त्वरित पुलिसकर्मी को सूचित किया गया। यह मोटरसाइकिल आवेदक के घर से कुछ दूरी पर बरामद हुई। सम्भवतः गाड़ी में पेट्रोल न होने की वजह से आरोपी गाड़ी को सूने घर के बाहर छोड़ चले गए। कुरुद पुलिस ने इस बार पुनः सिद्ध कर दिखाया कि उनका सूचना तंत्र मजबूत हैं। कोई भी अपराधी अपराध कर नहीं बच पाएंगे। कुरुद नगर पूर्णतः सुरक्षित है। पुलिस ने अपील की है कि नागरिक अपने वाहनों की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

**बरामदगी का पूरा प्रयास करते हैं**

चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। आम तौर पर जो गिरोह पकड़े जाते हैं, उनमें कई चोरियों का खुलासा होता है। इसके साथ शहर में रहने वाली गाड़ियों को तो पकड़ लिया जाता है, लेकिन जो बाहर चला जाती है , उसे पकड़ने में थोड़ी परेशानी रहती है।

\- राजेश जगत, *टीआई थाना प्रभारी कुरुद*

# हाईस्कूल नारी में मना शाला प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

हाईस्कूल नारी में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। साथ ही पौध रोपण भी किया गया। पहली, छठवीं, नवमी के छात्रों को पुस्तक, गणवेश देकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, दिलीप चक्रधारी जनपद सदस्य, सालिकराम साहू सरपंच प्रतिनिधि नारी, नंदलाल सोनकर उप सरपंच, शेषनारायण दुबे अध्यक्ष एसएमसी हाई स्कूल नारी, उत्तम शर्मा पूर्व सरपंच, सदस्यगण कुलेश्वर भास्कर, हिरामन चक्रधारी, यादराम सोनकर अध्यक्ष माध्यमिक एसएमसी, खोरबाहराराम पाड़े अध्यक्ष प्राथमिक शाला, प्राचार्य प्रहलाद ध्रुव, स्टाफगण उमराव निषाद, कामता राम साहू, विनोद दीवान, देवेंद्र कुमार साहू उपस्थित थे।






## खबर संक्षेप

### समर्थ दुबे का आईएटी में 2196 रैंक

**जगदलपुर।** शहर के व्यवसायी दुर्गेश दुबे के होनहार बेटे समर्थ दुबे ने इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च द्वारा आयोजित आईएटी 2025 की प्रवेश परीक्षा में आल इंडिया में 2196 रैंक प्राप्त कर शहर एवं राज्य का नाम रौशन किया है।
इस साल आईएटी में 2 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे।
आईआईटी की तरह आईआईएसईआर राष्ट्रीय महत्व का संस्थान हैं इसकी स्थापना विश्वस्तरीय रिसर्च सुविधाएं एवं योग्य वैज्ञानिक देश को उपलब्ध कराना है। समर्थ ने 10वीं तक की पढ़ाई जगदलपुर डीपीएस से की है।

### नशा मुक्त भारत एक युद्ध नशे के विरुद्ध हुआ कार्यक्रम

**जगदलपुर।** जिला प्रशासन के अन्तर्गत नशा मुक्त भारत एक युद्ध नशे के विरुद्ध राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम हुआ। जिला स्तरीय जन जागरूकता कार्यक्रम एवं चालानी कार्यवाही जिला टास्क कोर्स के सदस्यों तथा जिला कोटपा प्रवतन दल के सदस्यों द्वारा थाना प्रभारी बकावंड के डोमेन्द्र सिन्हा की उपस्थिति में किया गया। इसमें विनय कुमार शर्मा, नगरपालिका स्वास्थ निरीक्षक जगदलपुर मुन्नाराम शांडिल्य, आरक्षक बकावंड जगत कश्यप, बकावंड शैलेन्द्र श्रीवास्तव, महिला एवं बाल विकास विभाग जगदलपुर डीडी मानिकपुरी, समाज कल्याण विभाग सुरेश पुरेना, आबकारी विभाग निरीक्षक यूएस साहू, बकावंड के स्वास्थ्य पर्यवेक्षक दिनेश पराते की उपस्थित में यह कार्यक्रम एक युद्ध नशे के विरुद्ध सम्पन्न हुआ।

### रिडेवलपमेंट स्कीम पर की चर्चा

**जगदलपुर।** बीजापुर कलेक्टर संबित मिश्रा से मुलाकात कर गृह निर्माण मंडल को निर्माण कार्य एवं रिडेवलपमेंट स्कीम हेतु अनुरोध कर चर्चा किया गया। कोकड़ापारा में अटल विहार योजना का कार्य शीघ्र चालू करने कलेक्टर द्वारा निर्देश दिए गए।

सामुदायिक भवन में स्वच्छता पर आयोजित कार्यशाला में शामिल हुए महापौर, आयुक्त

# जन सहयोग के बिना शहर को साफ सुंदर रखना नामुमकिन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर को साफ, सुंदर एवं स्वच्छ रखने स्थानीय सामुदायिक भवन में जन कार्यशाला का आयोजन निगम द्वारा किया गया, जिसमें गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करनी है। नवीन प्रथाओं को जनता के साथ साझा करना है।

विदित हो कि कुछ दिन पहले शासन द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा नगर निगमों के आयुक्तों को इंदौर में विशेष स्वच्छता प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें धमतरी नगर निगम के आयुक्त प्रिया गोयल भी शामिल रहीं। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर कार्यशाला में अपना अनुभव साझा किया, जिसमें स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरूक करना है।

कार्यशाला में पहुंचे महापौर रामू रोहरा ने कहा कि धमतरी शहर को हर हाल में साफ सुंदर और स्वच्छ रखना आम जनता की भी नैतिक जिम्मेदारी है। निगम और जिला प्रशासन अपना उत्तरदायित्व बखूबी निभा रहा है। जनता भी इसमें सहभागिता प्रदान करें। उद्देश्य की सफलता के लिए आम जनता को जागरूक होना होगा। घरों और दुकानों से निकलने वाले गीला, सूखा, कचरा अलग-अलग डस्टबिन में रखे। निगम कर्मी के आने के बाद ही कचरा गाड़ी में डलवाएं। कचरा शहर में न फेंके। नालियों एवं सड़क किनारे कचरा न डालें। पॉलीथिन का उपयोग पूर्ण रूप से बंद करें। निगम के सफाई अभियान में हरसंभव मदद करें। तालाब, सरोवर, पेयजल, स्त्रोत के आसपास साफ-सफाई रखें। खुले में गंदा पानी जमा न होने दें। इससे पर्यावरण संरक्षण पर बल मिलेगा। कचरा नालियों में जाम होकर पानी के फ्लों को रोकता है। इससे जलभराव की स्थिति उत्पन्न करती है। खुले में कचरा डालने से सुंदरता खराब होती है। जन सहयोग से ही शहर साफ और सुंदर दिखेगा।

आयुक्त प्रिया गोयल ने कहा कि शहर के स्वच्छता अभियान में आम नागरिकों की भागीदारी अत्यंत जरूरी है। जनसहयोग के बिना शहर को साफ सुंदर रखना नामुमकिन है। हर नागरिक का कर्तव्य है कि वे आसपास में पर्यावरण को हमेशा साफ रखें। कचरा को नियत स्थान में रखे। पॉलीथिन का प्रयोग बंद कर देवें। श्रीमती गोयल ने कहा कि शहर के सभी 40 वार्डों में निगम द्वारा स्वच्छता प्रतियोगिता कराई जाएगी जो वार्ड स्वच्छ और सुंदर होगा, वह आदर्श वार्ड के रूप में चयनित होगा तथा वार्ड को 1 लाख रूपये का पुरस्कार निगम द्वारा किया जाएगा। पुरस्कार की घोषणा नागरिकों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करेगी। मौके पर उपस्थित नागरिकों ने भी एक स्वर में संकल्प लेकर कहा कि कचरा नहीं फैलाएंगे। थैला का उपयोग करेंगे। धमतरी को साफ, स्वच्छ, सुंदर बनाने में अपनी सहभागिता निभाएंगे। स्वच्छता दीदियों एवं सफाई मित्रों का पूर्ण सहयोग करेंगे। इस दौरान निगम सभापति कौशिल्या देवांगन, उपायुक्त पीसी सार्वा, पार्षदगण, आम नागरिक उपस्थित रहे।

# पार्षद का दावा : आमापारा के रहवासियों को मिलेगा जलभराव से छुटकारा

- वार्ड के विकास के लिए एक करोड़ रुपए की मिली है स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



आमापारा वार्ड में बालक चौक से मकई तालाब तक बरसाती पानी को ले जाने के लिए जो पाइप एनपी 2 डाला गया था । उसे टेंडर की शर्तों के मानक अनुरूप नहीं होने के कारण रद्द कर दिया गया तथा फिर से टेंडर में दर्शाए अनुसार एनपी 3 पाइप डालने हेतु री-टेंडर किया गया है लेकिन निविदा प्रक्रिया के नियम अनुसार किसी भी ठेकेदार द्वारा टेंडर नहीं डाले जाने के कारण दूसरी बार



टेंडर निकाला गया है और यही कारण है कि 1 जुलाई से पूर्व यह कार्य पूरा नहीं हो सका है। यह स्थिति पूर्व ठेकेदार की गलती, निविदा की जटिल प्रक्रिया के चलते हुई है। उक्त बातें आमापारा वार्ड पार्षद तथा लोक निर्माण विभाग प्रभारी सदस्य विजय मोटवानी ने कही। उन्होंने कहा है कि वह आज भी आमापारा वार्ड सहित शहरवासियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने प्रतिबद्ध हैं। पाइपलाइन संबंधी जिन अनियमिताओं को उजागर किया गया था। उसे सही करते हुए कार्य को अंजाम दिया जाएगा। आने वाले समय में आमापारा के रहवासियों को बरसात के जलभराव से छुटकारा मिलेगा तथा यह पानी मकई तालाब को भरने के लिए डाइवर्ट रास्ते से पहुंच जाएगा। बरसात के कारण स्ट्रीट लाइट में जो प्रॉब्लम आ रही है, उसे दूर करने के लिए निगम के विद्युत विभाग द्वारा पूरी ईमानदारी से कार्य किया जा रहा है। वार्ड के विकास हेतु 1 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है।

# जगन्नाथ पुरी उड़ीसा की तर्ज पर बनेगा श्री जगदीश मंदिर

- श्री जगन्नाथ मंदिर का जीर्णोद्धार करने ट्रस्ट के सदस्यों ने लिया निर्णय
- नगर की आध्यात्मिक विरासत को मिलेगी नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



मठ मंदिर चौक स्थित महाप्रभु श्री जगन्नाथ मंदिर का जीर्णोद्धार करने का निर्णय मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा लिया गया है। यह मंदिर शहर के प्राचीन मंदिरों में से एक होकर गौरवशाली धर्म, इतिहास एवं संस्कृति की धरोहर को अपने में समाहित किया हुआ है। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष यहीं से महाप्रभु जगन्नाथ, बहन सुभद्रा, भाई बलभद्र की रथयात्रा श्री राष्ट्रीय गौशाला अपने ननिहाल के लिए निकलती है। इस वर्ष रथ यात्रा का 107 वां वर्ष था। जगन्नाथ पुरी उड़ीसा की तर्ज पर श्री जगदीश मंदिर को भव्य एवं दिव्य स्वरूप देने आर्किटेक्ट को बुलाया गया है।

मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर रायपुर उत्तर विधायक एवं श्री जगन्नाथ मंदिर रायपुर के अध्यक्ष पुरंदर मिश्रा धमतरी पहुंचे जहां मंदिर के ट्रस्टीगण और पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। विधायक पुरंदर मिश्रा, प्रसिद्ध आर्किटेक्ट डॉ. अशोक दुबे, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, एसडीएम पीयूष तिवारी समेत ट्रस्टीगण एवं पदाधिकारियों ने मंदिर परिसर का अवलोकन कर जीर्णोद्धार की रूपरेखा, डिज़ाइन पर चर्चा की। विगत दिवस मंदिर ट्रस्ट की बैठक में डॉ. हीरा महावर को मंदिर जीर्णोद्धार का संयोजक बनाया गया था।

मौके पर मंदिर के पुजारी बालकृष्ण शर्मा, अध्यक्ष किरण कुमार गांधी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण राठी, सचिव प्रकाश गांधी, सह सचिव मोहन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लखमशी भानुशाली, ट्रस्टीगण श्यामसुंदर अग्रवाल, डॉ. हीरा महावर, श्याम अग्रवाल, हर्षद मेहता, गोपाल शर्मा, लक्ष्मीचंद बाहेती, अजय अग्रवाल सीए, बिपिन पटेल, मदनमोहन खंडेलवाल, बिहारीलाल अग्रवाल, दयाराम अग्रवाल, रमेश लाट, भरत सोनी, अनिल मित्तल, विशेष आमंत्रित सदस्य विनोद अग्रवाल, रविकान्त अग्रवाल, दिलीप सोनी उपस्थित थे।

# गुरु का मार्गदर्शन जीवन में परिवर्तन लाता है : कविता

## जिपं सदस्य ने अपने गुरू सुरजीत नवदीप से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर ने अपने गुरू सुरजीत नवदीप से उनके 89 वें जन्मदिवस के अवसर पर मुलाकात कर उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। उनसे आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर कविता योगेश बाबर ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के प्रथम गुरू उसके मां बाप होते हैं तत्पश्चात शाला जाने पर शिक्षक ही उनके गुरु होते हैं। विद्यार्थी कच्ची मिट्टी की तरह होते हैं जिन्हें आकार व रंग देने का कार्य उनके शिक्षक रुपी गुरू करते हैं। शिक्षक होने के साथ ही सुरजीत सर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि भी हैं जिन्होंने अपनी कविता के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धमतरी



का नाम रोशन किया है। कविता ने आगे कहा कि आज मैं जो इस मुक़ाम पर पहुंची हूं। उसमें मेरे गुरु का आशीर्वाद व मार्गदर्शन मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना करती हूं।

# पानी की सुविधा वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों में बनेगी पोषण वाटिका

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा की। उन्होंने सखी वन स्टाप सेंटर में आये प्रकरणों और नवा बिहान योजना अंतर्गत घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 के तहत प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति तथा आईसीडीएस की योजनाओं की समीक्षा की। इस मौके पर कलेक्टर ने पानी की सुविधा वाले सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण वाटिका विकसित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पर्यवेक्षक गृह भेंट करते समय पालकों की काउंसिलिंग करने के भी निर्देश कलेक्टर ने बैठक में दिए। उन्होंने रेडी टू ईट फूड वितरण करते समय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को मोबाइल अपडेट कराने कहा। उन्होंने पोषण टेकर एप में त्रुटिपूर्ण एंट्री करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को नोटिस जारी कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। त्रुटिपूर्ण एंट्री करने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के विरुद्ध कार्रवाई न करने पर पर्यवेक्षक के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिए। बैठक में सुकन्या समृद्धि योजना के तहत पात्र बालिकाओं के खाते खोलने कहा।

पहली बार सीनियर वर्ग में पूरे छत्तीसगढ़ में दूसरा स्थान प्राप्त किया

# 21वीं छग स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में धमतरी का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी




छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित 21वीं स्टेट सीनियर पुरुष- महिला का आयोजन स्वामी विवेकानंद एथलेटिक स्टेडियम कोटा रायपुर में हुआ। मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा खेल मंत्री, छग एथलेटिक्स संघ के चैयरमैन जीएस बाम्बरा, छग एथलेटिक्स एसोसिएशन अध्यक्ष महेंद्र आहूजा, आयोजन समिति अध्यक्ष सौरभ लुनिया, परमिंदर सिंह ए.जी.एम भिलाई इस्पात सयंत्र, सहसचिव रवि शंकर धनकर, खेल विभागके वरिष्ठ प्रशिक्षक टी निंगराज रेड्डी, जिला धमतरी एथलेटिक संघ अध्यक्ष श्रीमती रितिका यादव, सचिव हिमांशु चंद्राकर, कोषाध्यक्ष अनूप यादव, कोच टिक्की निर्मलकर थे। प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश के सभी जिलों से सैकड़ों खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। 60 से अधिक कोच मैनेजर ने अपनी उपस्थिति दी। मुख्य अतिथि खेलमंत्र ने खिलाड़ियों से खेल भावना एवं अनुशासन से जीवन मे आगे बढ़ने की बात कही। छत्तीसगढ़ शासन के खेल विभाग द्वारा खेल एवं खिलाड़ी हित में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। कोच टिक्की निर्मलकर ने बताया कि जिले के खिलाड़ी लगातार जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे एवं पदक जीत रहे हैं। पहली बार सीनियर वर्ग में धमतरी टॉप रैंक में पूरे छत्तीसगढ़ में दूसरे स्थान पर पोजिशन प्राप्त की।

पहली बार धमतरी के खिलाड़ियों ने ऑल ओवर चैंपियनशिप के रनरअप का खिताब भी जीता। महिला वर्ग में धमतरी की इकलौती खिलाड़ी यामिनी सिन्हा ने 10000 मी. दौड़ में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। गोला फेंक में सुधा तिवारी ने भी गोल्ड मेडल प्राप्त किया। पुरुष 400 मीटर दौड़ मे राहुल सर्वा ने ब्रॉन्ज मेडल, पुरुष 800 मी. दौड़ में चेतन कुमार ने ब्रॉन्ज मेडल,पुरुष 1500 मी.दौड़ में लोमश कुमार ने सिल्वर मेडल,पुरुष 400 मी. बाधा दौड़ में मुरलीधर मंडावी ने सिल्वर मेडल, पुरुष गोला फेंक में उदय गड़ेवाल ने गोल्ड मेडल वहीं टिकेश्वर सेन ने सिल्वर मेडल, पुरुष तवा फेंक में उदय गाड़ेवाल ने ब्रॉन्ज, 4×100 मी. रिले दौड़ में मुरलीधर, खिलेश्वर, रामकरण निषाद, राहुल सर्वा ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। यशवंत साहू, डोमन, आयुष पटवा, अंश यादव के श्रेष्ठ प्रदर्शन की बदौलत धमतरी ने पहली बार इतना मेडल सीनियर वर्ग में लाया। छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों को पछाड़ते हुए सीनियर स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दुर्ग जिला ओवर आल चैंपियन रहा वहीं धमतरी टीम रनर अप रही।

# नशा देश की जड़ों को कमजोर कर रहा है : रामू

- योग, नशा मुक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



क्रीड़ा भारती एवं जिला कुश्ती संघ धमतरी के संयुक्त तत्वावधान में योग, नशा मुक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान का आयोजन बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम हाल में किया गया। कार्यक्रम के अतिथि महापौर रामू रोहरा, अध्यक्ष क्रीड़ा भारती एवं जिला कुश्ती संघ लक्ष्मण साहू, संरक्षक डॉ. सी. एस.चौबे, क्रीड़ा भारती जिला उपाध्यक्ष कैलाश यादव, पार्षद पोस्ट ऑफिस चंद्रभागा साहू, डॉ. दिनेश नाग योग एवं नशा मुक्ति व्याख्यान कर्ता, कराते संघ जिला अध्यक्ष अशोक सिन्हा, पूर्व पार्षद श्याम साहू, जिला एथलेटिक संघ अध्यक्ष रितिका यादव, इंटरनेशनल कोच श्रवण, क्रीड़ा भारती जिला महामंत्री ननकू महाराज, जिला सहमंत्री टिक्की निर्मलकर, कोषाध्यक्ष रामकुमार साहू, शिवा प्रधान, संरक्षक सत्यवान यादव, ईश्वर पटेल, कुंदन सिंह ठाकुर, डॉ रामकुमार साहू, एलके साहू, कोमल संभाकर, कल्पना सिंह ध्रुवंशी, रितु प्रधान, सरिता मिश्रा, गगन कुंभकार, शिक्षिका हिना गिलानी, लकी रजक, संतोषी, उत्तरा, ममता, डाली, उमा, डुमन, काजल मुंजवानी, सुरेश मुंजवानी थे। अतिथियों द्वारा पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर महापौर रामू ने कहा कि नशा देश की जड़ों को कमजोर कर रहा है और इसे दूर करना हम सबका नैतिक कर्तव्य है। लोगों को नशा छोड़ने के लिए जागरूक करें और साथ ही योग कर निरोग रहें। पर्यावरण को बचाने पौधे अवश्य लगाएं। व्याख्यानकर्ता डॉ नाग ने कहा कि योग करने से हमारी मानसिक चेतना बढ़ती है और शारीरिक विकार दूर होता है। सांस लेने के लिए जिस तरह पर्यावरण का स्वच्छ होना जरूरी है उसी तरह पेड़ को बचाना भी जरूरी है। कार्यक्रम में आभार व्यक्त अध्यक्ष लक्ष्मण साहू ने किया।

## शाला प्रवेश उत्सव में छात्राओं ने सुनाई स्वरचित कविताएं

**धमतरी।** समरसता भवन भटगांव में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस मौके पर 70 से अधिक नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। छात्राओं ने स्वरचित कविता पढ़कर सबका दिल जीत लिया। शासकीय माध्यमिक शाला भटगांव, प्राथमिक शाला, उन्नयित प्राथमिक शाला एवं संकुल केंद्र रूद्री के संयुक्त आयोजन में अतिथियों ने छात्रों को बेहतर भविष्य निर्माण के लिए टिप्स दिए। पालकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए खुद भी प्रयास करें।

## पर्यावरण संतुलन के लिए पौधारोपण आवश्यक

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम पंचायत बोहराडीह में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जनपद अध्यक्ष सुनीता साहू एवं पंचायत पतिनिधियों ने पौधरोपण कर उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सुनीता साहू ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण आवश्यक है। पर्यावरण बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होने कहा कि पेड़ पर्यावरण एवं प्रदूषण को रोकता है वहीं दूसरी ओर हमें फल और छाया के साथ ही साथ हमें विभिन्न प्रकार की औषधि भी देता है।

हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव 2025
काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान
28 एवं 29 जुलाई 2025
नागपंचमी पर्व पर सिद्ध पीठ नागमंदिर हटकेशर में काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान त्र्यबंकेश्वर ज्योर्तिलिंग के विद्वान पंडितो के सान्निध्य में किया जाएगा।
पंजीयन 2101/- रूपए
9993157703, 8319628583
9340292572, 9589261876

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-[+ 5% GST]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

हाथ पैर में दर्द होना, जोड़ो में दर्द व सूजन, गठिया वात, साइटिका, झिनझिनी वात, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, अकड़न, नसरोग व लकवा रोग में
तुरंत आराम के लिए

| दवा का नाम | कीमत |
| --- | --- |
| 1. टेब. रुमारेक्स जी.एस.आर. | 30 टेब. का 700/- रु. |
| 2. टेब. कैल्सिओस्ट | 30 टेब. का 150/- रु. |
| 3. ऑइल स्नायुकल्प | 100 मिली का 250/- रु. |
| 4. चूर्ण नेचुरली | 100 ग्राम का 150/- रु. |
| | टोटल - 1220/- रु. |
| 5. अन्य : आर-फीट गोल्ड माल्ट | कीमत - 550/-रु. |

– दवाई मिलने का स्थान –
तुलसी आयुर्वेदिक दवा की दुकान
बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 10 से 5 बजे तक) मो. 9993010732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज